# महतारी वंदन योजना दिशा-निर्देश का पता नहीं, फॉर्म भरने महिलाएं उतावली

## चुनाव के दौरान भी भरवाए गए फॉर्म, परिणाम आने के बाद हर कोई लाभ लेने आतुर




**कोरबा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में संपन्न हुए चुनाव-2023 के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में सरकार बनने पर महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार, सालाना 12 हजार रुपए देने की घोषणा को शामिल किया। जिस वक्त संकल्प पत्र जारी हुआ, इसके बाद गली-मोहल्लों में महिलाओं से फॉर्म भी भरवाए जाने लगे। हालांकि चुनाव में लाभ लेने के लिए इस तरह से फॉर्म भरवाने को लेकर की गई आपत्ति के बाद इस पर रोक लगा दी गई लेकिन चुनाव खत्म होने और भाजपा की सरकार बनने के बाद महिलाओं में इस लाभ को लेने उतावलापन कायम है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने जब हर परिवार को पट्टा देने की योजना लागू की तो सरकारी जमीनों पर काबिज लोगों को लगा उन्हें अच्छा-खासा लाभ प्राप्त होगा, लेकिन पट्टा बांटने की बारी आते ही मायूसी छाने लगी। मात्र 600 वर्गफुट की जमीन का ही पट्टा प्रदान किया गया और वह भी तमाम तरह के नियम-कायदों को लागू कर। इस नियम-कायदे के दायरे में आने से अनेक लोग वंचित रह गये। कुछ इसी तरह से जब भाजपा ने महतारी वंदन योजना में 12 हजार रुपए सालाना देने की घोषणा की है, तब हर वर्ग की महिलाएं चाहे वह गरीब हों, मध्यम या संपन्न परिवार की, सभी को इस योजना का लाभ लेना है। सभी वार्डों में महिलाओं के द्वारा योजना का फॉर्म भरने की आतुरता बनी हुई है। इसे लेकर कई बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं कि उनके द्वारा फॉर्म भरवाकर लाभ दिलाया जाएगा।

बता दें कि शासन के द्वारा किसी भी तरह की योजना को लागू करने व क्रियान्वयन के लिए गाईडलाइन तैयार की जाती है, उस गाईडलाइन के दायरे में आने और संपूर्ण दस्तावेजों की जरूरत पूर्ण करने पर ही उसे लाभ हासिल हो पाता है। अभी तो भाजपा की इस घोषणा को लेकर कोई भी गाईडलाइन तैयार नहीं हो पाई है कि प्रतिमाह एक हजार रुपए का लाभ किन-किन महिलाओं को दिया जाएगा। ऐसे में बढ़ती जा रही आतुरता के कोई मायने नहीं हैं। लोगों को सावधान रहकर धैर्य से काम करने की जरूरत है।

## विधायक पुत्र ने की यह अपील



*इस घोषणा को लेकर कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन के पुत्र युवा भाजपा नेता रजनीश देवांगन ने कोरबा सहित पूरे जिले की मातृ शक्तियों से अपील की है कि अभी शासन से गाइडलाइन दिशा-निर्देश जारी नहीं हुआ है। किसी भी तरह से बिचौलियों, दलालों के चक्कर में ना पड़ें तथा अपनी डाटा सामग्री जैसे बैंक पासबुक, आधार कार्ड व अन्य गोपनीय जानकारी को साझा ना करें एवं किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें। कैबिनेट में विस्तार होने के बाद शासन के आदेशानुसार शीघ्र ही शिविर के माध्यम से उक्त योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। भाजपा अपने इस संकल्प पत्र की घोषणा को निश्चित ही पूरा करेगी किन्तु इसके लिए दिशा निर्देश सामने आने तक बिचौलियों और दलालों से सतर्क रहने की आवश्यकता है।*

# मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया गुरु घासीदास ने

## सतनाम प्रांगण में धूमधाम से मनाया गुरुपर्व




**कोरबा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। महान संत मनखे-मनखे एक समान का संदेश देने वाले गुरु घासीदास बाबा की 267वीं जयंती गुरूपर्व 18 दिसंबर को सतनाम प्रांगण टीपी नगर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल थे व अध्यक्षता कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन ने की।

कोरबा सतनामी कल्याण समिति के द्वारा सतनाम प्रांगण में गुरूपर्व का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि विधायक फूलसिंह राठिया, प्रेमचंद पटेल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल के साथ सामाजिक अतिथियों में एसके बंजारा,राजेश आदिले, डा.अविनाश मेश्राम,रविकांत जाटवर,शशिकांत भास्कर,भुनेश्वर पाटले, यशवंत जोगी,सुनील टांडे,सोमनाथ दाहिर, जेके लहरे,कीर्तनलाल डहरिया ने गुरूघासीदास के छायाचित्र के समक्ष पूजा-अर्चना की। अतिथियों ने इस दौरान अपने उद्बोधन में बाबा गुरुघासीदास के बताये मार्गों का अनुसरण करने के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुरुघासीदास के विचार और उनके द्वारा बताये गए सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भाव का मार्ग न सिर्फ छत्तीसगढ़ और भारत बल्कि विदेशों में भी प्रासंगिक हैं।

इससे पहले मुख्य जयंती कार्यक्रम की शुरुआत सुबह चौका आरती के साथ समिति के अध्यक्ष ने किया। ज्ञान गंगा करही पंथी के द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कोरबा सतनामी कल्याण समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष यूआर महिलांगे,उपाध्यक्ष विजय दिवाकर, सचिव जीएल बंजारे, आरडी भारद्वाज, नारायणलाल कुर्रे, आरपी खांडे, रामचंद्र पाटले, कोषाध्यक्ष अनिकेत पाटले, सहसचिव सत्येन्द्र डहरिया,कार्यकारिणी सदस्य विनोद डहरिया ,विजय आदिले, रामचंद पाटले, त्रिवेंद्र आदिले, धर्मेंद्र कोशले,दयाराम बघेल, निर्मल किरण, मनोज मनहर, मनीराम जांगड़े, रवि खुटे, श्रीमती सुनीता पाटले, नरेन्द्र कुमार रात्रे, मनोरंजन दिवाकर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**गुरु की चौका से घर होते है शुद्ध**

सतनाम के संदेशा गुरु गद्दी पूजा पार्टी चौका आरती सर्वमंगला नगर कोरबा के राजमहंत संतदास दिवाकर पूजा प्रभारी सतनाम प्रांगण के द्वारा चौका पूजा आरती किया गया। आरएल पात्रे, बसंत टंडन, रोशन दिवाकर, जगदीश चंद्राकर, कुंज बिहारी ओग्रे ने सहयोग दिया। गुरु को गद्दी में आसीन कर चौक पूरकर पूजा आरती की गई। सतनाम प्रांगण स्थित 57 फीट ऊंचे जैतखाम में समिति के उपाध्यक्ष विजय दिवाकर ने पालो चढ़ाया। इसी प्रकार टीपी नगर चौक में पालो आरडी भारद्वाज और प्रांगण में बने पुराने जैतखाम में विनोद डहरिया के द्वारा पालो (ध्वज) चढ़ाया गया।

# सार-संक्षेप

## बाइक की चाबी नहीं दिया तो टांगी से मारा

**कोरबा-दर्री**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। बाइक की चाबी नहीं देने की मामूली सी बात पर एक युवक ने टांगी से हमला कर घायल कर दिया। घटना दर्री थाना अंतर्गत ग्राम लाटा बस्ती की है। यहां रहने वाला उमेश साहू ठेकेदारी का काम करता है। 18 दिसंबर को रात करीब 12.30 बजे आग जला कर उमेश साहू, सतीश राव, साहिल अंसारी, अजय खैरवार, रविन्द्र यादव, रज्जब आलम बैठे हुए थे। इस समय रविन्द्र यादव ने रज्जब आलम से बाइक का चाबी मांगा जो देने से मना करने पर रविन्द्र ने रज्जब के साथ गाली-गलौच कर जान से मारने की नियत से अपने हाथ में रखे टांगी से पासा से रज्जब के माथा पर हमला कर दिया। इससे माथा फूट गया। साहिल अंसारी ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट किया। घायल रज्जब को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उमेश साहू की रिपोर्ट पर रविन्द्र यादव के विरूद्ध धारा 506, 294, 323 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## कॉलेज के सामने छात्रा से मारपीट

कोरबा, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। शहर के केएन कॉलेज गेट के सामने एक छात्रा से मारपीट कर दी गई। पीड़िता कुसमुंडा थाना अंतर्गत कुचैना दादरपारा की रहने वाली है व अग्रसेन कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्रा है। 14 दिसंबर को शाम 5 बजे वह केएन कॉलेज में पूरक परीक्षा देने के बाद घर जाने के लिए निकली थी। उसे लेने के लिए जीजा आया हुआ था। जीजा के साथ मोटर साइकिल में बैठकर छात्रा कॉलेज गेट से बाहर निकल रही थी कि पुरानी रंजिश को लेकर जान-पहचान के गेवरा बस्ती निवासी भानू प्रताप महतो, कृष्णा कंवर व उसके साथियों ने रास्ता रोक लिया। गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए भानू प्रताप ने छात्रा को थप्पड़ मारा। मारपीट करने पर जीजा ने बीच-बचाव किया। इस दौरान यहां आसपास के लोग एकत्र हो गए तो सभी वहां से भाग निकले। पीड़िता की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धारा 294, 323, 34, 341, 506 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## लीडरशिप व टीम डायनामिक्स पर कार्यशाला आयोजित

**कोरबा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने पहल करते हुए मिशन नचिकेता के अंतर्गत एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में एसआरसी क्लब 'लीडरशीप एवं टीम डायनामिक्स' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

उक्त कार्यशाला में मुख्य अतिथि हिमांशु डोंगरे (आई.एफ.एस., कोरबा वन मंडल) द्वारा वन्यजीव सरंक्षण पर रोचक जानकारी प्रदान कर बताया कि पृथ्वी को सभी के लिए बेहतर रहने के लायक कैसे बनाया जाए। कार्यशाला में शैख़ ज़ाकिर हुसैन (मुख्य प्रबंधक (खनन), एसईसीएल मुख्यालय) द्वारा लीडरशिप एवं टीम डायमिक्स विषय पर उपस्थितों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर टीम बिल्डिंग पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमे कोरबा क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का संपादन कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंड्या के मार्गदर्शन में पर्यावरण व वन विभाग, क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद सिंह, मैनेजर ( कार्मिक), कोरबा क्षेत्र एवं धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी वन एवं पर्यावरण स्वप्निल सुमन द्वारा दिया गया।

## कार ने स्कूटी सहित तीन वाहनों को मारी टक्कर, एक घायल

**कोरबा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। कोरबा-दर्री मुख्य मार्ग पर भवानी बाजार के सामने एक कार चालक ने दो कार और दो स्कूटी को टक्कर मार दी। दुपहिया वाहनों को टक्कर मारने के बाद कार पेड़ से जा टकराया। इस घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्काल इसके सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में लिया गया। इस हादसे में स्कूटी सवार एक युवक घायल हो गया है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा दुर्घटनाकारित कार चालक के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आज इन गांवों और वार्डों में

कोरबा, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन लगातार जारी है। इस कड़ी में विकासखंड कोरबा के ग्राम भैंसमा में 10 बजे से, चाकामार में दोपहर 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम सलोरा में 10 बजे से और धवईपुर में 2 बजे से,पोडी उपरोडा ब्लॉक के बांगो में 10 बजे से, लालपुर में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम चांपा में 10 बजे से, कलगामार मे 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम डोडकी में 10 बजे से और सगुना में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया है। इसी तरह नगर पालिक निगम अंतर्गत रानी रोड चौक दुर्गा पंडाल के पास वार्ड नम्बर 5 में सुबह 10 बजे से, ट्रांसपोर्ट नगर इंदिरा गांधी स्टेडियम वार्ड क्रमांक 2 में दोपहर 2 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया जायेगा।

## नारी शक्ति महिला मंडल की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**कोरबा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)।कोरबा-पश्चिम में कुसमुंडा क्षेत्र के आदर्श नगर में नारी शक्ति महिला मंडल द्वारा बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी।बच्चों ने अपनी प्रतिभा का कला के माध्यम से प्रदर्शन किया।सभी बच्चों ने रंगों के साथ उड़ान भरी और एक से बढ़कर एक सुंदर चित्र बनाए। नारी शक्ति महिला मंडल के तत्वाधान में लगभग 4 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, इन 4 बच्चों को ग्रुप में बांट कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया गया। स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी बच्चों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# कडक़ड़ाती ठंड में आधी रात नवजात को छोड़ गए निर्मोही




**7 दिन संघर्ष के बाद अंततः दम तोड़ दिया मासूम ने**

**कोरबा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। समय से पहले लगभग 7 माह में जन्म लिए एक नवजात बालिका शिशु को निर्मोही परिजन ने उसके हालात पर छोड़ दिया। कडक़ड़ाती ठंड में रात करीब 11.30 बजे उसे कुआंभट्टा रिकांडों मार्ग स्थित सेवा भारती द्वारा संचालित मातृ छाया के पालने में छोडक़र चले गए। मातृछाया के लोगों द्वारा मासूम के जीवन की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया गया और निजी अस्पताल में 7 दिनों से सेवा भाव से उसका उपचार होता रहा किंतु मासूम ने दम तोड़ दिया।

इस पूरे मामले में निर्मोही परिजन की अमानवीयता यह रही कि जिस वक्त इस मासूम को कडक़ड़ाती ठंड में मातृछाया के बाहर मौजूद पालने में छोड़ा गया, मासूम के शरीर पर एक मात्र पतला सा लाल गमछा मौजूद था। इस कडक़ड़ाती ठंड में जब अच्छे-अच्छों की हालत खराब हुई पड़ी है, उस वक्त मासूम को बिना कपड़ों के छोड़ जाना न सिर्फ निष्ठुरता को प्रदर्शित किया बल्कि नवजात बालिका शिशु के प्रति उसके लगाव का नहीं होना भी दर्शित हुआ। बालिका के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए भले ही सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है और लाभ देने की बात होती है लेकिन अभी भी कुछ ऐसे लोग हैं जो बालिका के जन्म होने पर उसे उसके हाल पर छोड़ देते हैं। बहरहाल यह सब किसकी करतूत थी, इसकी पड़ताल पुलिस द्वारा की जा रही है।

# एचटीपीपी पश्चिम की टीम ने जीता विजेता का खिताब

**कोरबा-दर्री**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में विजेता का खिताब जीतकर उत्पादन कंपनी में एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम ने अपना परचम लहराया है। कोरबा-पश्चिम के खिलाड़ी अमन किशोर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और बिलासपुर क्षेत्र के राकेश राठौर को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। दोनों ही खिलाडिय़ों को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम की मेजबानी में दर्री स्थित लाल मैदान में अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कला व क्रीड़ा परिषद के चार दिनी इस स्पर्धा में राज्य बिजली कंपनीज के 8 क्षेत्रों की टीम ने भाग लिया। बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम ने 4-0 से बिलासपुर संभाग को शिकस्त देकर विजेता का खिताब जीता। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सबसे ज्यादा 11 गोल करने वाले एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम के खिलाड़ी अमन किशोर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और बिलासपुर क्षेत्र के राकेश को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार दिया गया। एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम के मुख्य अभियंता संजय शर्मा ने विजेता, उपविजेता टीम के अलावा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम की क्षेत्रीय क्रीड़ा व सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष राजेश कुमार पांडे, सचिव सतीश बरदिया, उप सचिव हर्षल विश्वकर्मा, अविनाश पाठक, शशांक कर्महे का योगदान रहा।

## डीजल चोरी कर भाग रही बोलेरो पकड़ायी, 2 लोगों पर जुर्म दर्ज



**कोरबा-दीपका**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल के खदान क्षेत्र परिसर में नियोजित भारी वाहनों से डीजल की चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके विपरीत कुछेक मामले ही पकड़ में आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला दीपका थाना अंतर्गत गेवरा परियोजना में सीआईएसएफ के जवानों के द्वारा पकड़ा गया।

गेवरा परियोजना में सुरक्षा प्रहरी धनाराम सूर्यवंशी ने बताया कि 17 दिसंबर को खदान के बी-2 कोल स्टाक में खड़ी पीसी क्रमांक-178 से दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 35-35 लीटर वाली प्लास्टिक जरीकेन में चोरी कर डीजल भरा गया। इसे बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीडी 2071 में रखते समय सीआईएसएफ क्यूआरटी टीम को देखकर वाहन सहित भागने लगे। भागते समय बोलेरो कोयले के ढेर से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। क्षतिग्रस्त बोलेरो और उसमें रखे डीजल भरे जरीकेन को छोडक़र चालक व उसका साथी भाग निकले। भाग-दौड़ में बोलेरो वाहन के चारों तरफ का शीशा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया है। बोलरो की तलाशी में पाया गया कि 35-35 लीटर के कुल 9 जरीकेन से 6 जरीकेन पूरे भरे हुए और एक में आधा डीजल भरा था व दो जरीकेन खाली थे। इन सभी को सूचना बाद दीपका पुलिस ने जप्त कर लिया। बोलेरो का चालक व साथी के विरुद्ध धारा 34, 379 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

## श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा

**कोरबा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। चित्रा टाकीज के पास स्थित मोदी गार्डन में श्रीहरि परिवार द्वारा कल से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा प्रातः 10 बजे मेंहदीपुर बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर बुधवारी-रिकांडो रोड, टीपी नगर चौक होते हुए मोदी गार्डन पहुंची। कलश यात्रा के साथ राम भक्त हनुमान की भी झांकी श्रद्धा का केन्द्र रही। यह मूर्ति कथा स्थल पर श्रीमद् भागवत कथा आयोजन तक के लिए स्थापित की गई। कथा स्थल पर कलश एवं श्रीमद् भागवत ब्यासपीठ की स्थापना कौशल किंकर भूषण कृष्ण शास्त्री द्वारा एवं विद्वान पंडितों के मंत्रोंच्चार के साथ की गई। 19 दिसंबर को कथा महात्मय एवं गोकर्णोपाख्यान के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ होगा। आयोजक परिवार ने नगरजनों से सपरिवार अधिकाधिक उपस्थिति का आग्रह किया है।

# ढेलवाडीह व अरदा पंचायत में पहुंचा संकल्प यात्रा वाहन, हितग्राही लाभान्वित

## जिले के पहले ओडीएफ प्लस मॉडल पंचायत की सरपंच का सम्मान



**कोरबा-कटघोरा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। विकासखण्ड कटघोरा के ग्राम पंचायत ढेलवाडीह व अरदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का आगमन हुआ। वाहन का करमा नृत्य से स्वागत जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियों ने किया।

एलईडी के माध्यम से केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामवासियों को जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश सुनाया गया एवं लाभान्वित हितग्राहियों का स्थल पर मेरी कहानी मेरी जुबानी का वीडियो लिया गया। जो हितग्राही लाभान्वित होने से छूट गए उनके मांग पर मौके पर आवेदन लिया गया। इस अवसर पर ब्लाक नोडल बीईओ आई पी कश्यप, तहसीलदार कटघोरा, जनपद सीईओ कटघोरा यशपाल सिंह, जनपद सदस्य ढेलवाडीह श्रीमती राधिका साहू, जनपद सदस्य अरदा श्रीमती कांति दीवान, जनपद सदस्य धवईपुर रामप्रसाद कोराम, बीएमओ कटघोरा डॉ.रुद्रपाल सिंह, सरपंच ढेलवाडीह श्रीमती अमिता कंवर, सरपंच अरदा श्रवण सिंह तंवर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा एमआर कर्मवीर, एडीओ द्वय अखिलेश राठौर, शिवालय, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी मधुर सिंह कंवर, सचिव पवन गुप्ता, महेंद्र राठौर उपसरपंच, पंच, महिला स्व सहायता समूह सदस्य, विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। जिले के पहले ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम पंचायत बनने की उपलब्धि पर ढेलवाडीह की सरपंच श्रीमती अमिता कंवर को अतिथियों के द्वारा अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया।

# जनजागरूकता व सुरक्षात्मक उपाय ही एचआईवी एड्स से बचाव है-बंजारा

## एबीवीटीपीएस मड़वा में विश्व एड्स पखवाड़ा में हुए विविध आयोजन




**कोरबा**, 18 दिसंबर (देशबन्धु)। एचआईवी एड्स एक भयावह बीमारी है लेकिन यह छूने से नहीं फैलता। अभी मेडिकल साइंस में इस बीमारी का इलाज नहीं लेकिन इसके प्रति जागरूकता एवं बचाव के लिए सुरक्षा अपनाकर इसे रोका जा सकता है।

यह विचार कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने विश्व एड्स पखवाड़ा के दौरान व्यक्त किए। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 1 से 15 दिसंबर तक विश्व एड्स पखवाड़ा मनाया गया। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, एसडी द्विवेदी, पीके श्रीवास्तव, मोहम्मद शाहिद खान, भरत गड़पाले और वरिष्ठ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एमआर स्नेही की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एमआर स्नेही ने विस्तार से जानकारी दी। विभागीय चिकित्सालय में 18 वर्ष से अधिक वर्ग के युवाओं एवं महिलाओं द्वारा रंगोली के माध्यम से एड्स से बचाव एवं खतरों के प्रति जागरूक बनाया गया। स्वैच्छिक एड्स स्क्रीनिंग रक्त परीक्षण शिविर, नारा एवं चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि अभी तक एचआईवी एड्स का इलाज संभव नहीं है, इसलिए इससे बचाव ही सुरक्षा है। विश्व एड्स पखवाड़ा में रंगोली प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी परिक्रमा साव, कुसुमलता, चित्रा पटेल, गोल्डी नेताम एवं सुमन ठाकुर को पुरस्कार दिया गया। नारा प्रतियोगिता में नीरा प्रसाद, अर्पणा झा, अंकिता वर्मा ने पुरस्कार जीता। चित्रकला स्पर्धा के विजयी प्रतिभागी नीरा प्रसाद, श्वेता परप्यानी और पूजा सोनकर पुरस्कृत हुए।

कार्यक्रम का संचालन चिकित्साधिकारी डॉ. विकेंद्र सिह, कार्यक्रम का समन्वय संरक्षा विभाग की टीम नरेंद्र देवांगन, विजय कुमार बर्मन एवं रीना धुरंधर द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता क्रिस्टोफर एक्का, एन साहा. एसके. तारेंद्र, एनके. घृतलहरे, जेके गायकवाड़, मुख्य रसायनज्ञ उत्तम चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता केके टोप्पो, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. आरके साहू, प्रकाशन अधिकारी बसंत शाहजीत समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

